तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 25 अप्रैल 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
गहराया बिजली संकट, मांग और उत्पादन के बीच 4 हजार 500 मेगावाट का अंतर



## खबर संक्षेप

### हसदेव बरॉज दर्री पूर्णतः सुरक्षित, जल प्रदाय व्यवस्था सुचारू

**कोरबा।** हसदेव बरॉज जल प्रबंध संभाग द्वारा बताया गया है कि वर्ष 1967 में निर्मित हसदेव बरॉज दर्री की कुल उपयोगी जल भराव क्षमता 65.00 मि.घ.मी. है और वर्तमान में यहाँ से कोरबा के 13 औद्योगिक संस्थानों को 301.39 मि.घ.मी. वार्षिक तथा कोरबा नगर निगम को 14.00 मि.घ.मी. वार्षिक जल प्रदाय सुचारू रूप से किया जा रहा है। यद्यपि सी.एस.ई.बी. (पश्चिम) कोरबा के झाबू (नवागांव) राखड़ बांध के बार-बार फूटने से बरॉज के जलग्रहण क्षेत्र में राखड़ समाहित हुई है, किंतु वर्ष 2018-19 के सर्वेक्षण के अनुसार यहाँ सिल्ट की मात्रा मात्र 40-45 से.मी. पाई गई थी जो कि नगण्य है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बरसात के दिनों में गेटों के माध्यम से जल प्रवाह होने पर सिल्ट की सफाई स्वतः हो जाती है, इसलिए इसके लिए अलग से कोई योजना नहीं बनाई गई थी। वर्तमान में सभी उद्योगों और फसलों की सिंचाई हेतु मांग के अनुरूप जल प्रदाय किया जा रहा है और इसमें कोई बाधा उत्पन्न नहीं हुई है।

### निःशुल्क आवासीय कौशल प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ

**कोरबा।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत जिला कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा लाईवलीहुड कॉलेज कोरबा तथा जिले के अन्य शासकीय प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न रोजगारोन्मुखी ट्रेडों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क और आवासीय होगा, जिसमें चयनित हितग्राहियों को संबंधित ट्रेडों मंल हैंड्स-ऑन प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाणन के आधार पर जिला स्तर, राज्य स्तर तथा राज्य के बाहर उपलब्ध रोजगार अवसरों से प्रतिभागियों को जोड़े जाने की योजना है। इच्छुक छात्र-छात्राएँ जो कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार या स्वरोजगार करना चाहते हैं, वे निर्धारित गूगलफॉर्मलिंक के माध्यम से अथवा लाईवलीहुड कॉलेज कोरबा में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं।

### एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान, बेटियों के कैंसर से सुरक्षा की मजबूत ढ़ाल

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में जिले में महिलाओं और किशोरियों को एचपीवी से होने वाले संक्रमण एवं उससे उत्पन्न सर्वाईकल कैंसर की रोकथाम हेतु 17 मार्च से जिले के स्वं बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय कोरबा, शहरी क्षेत्र में रानी धनराज कुंवर देवी शहरी सामु.स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा, पाली,करतला एवं पोंड़ी उपरोड़ा मेंएचपीवी वैक्सीनेशन निःशुल्क किया जा रहा है। यह वैक्सीन विशेष रूप से सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) के बचाव के लिए अत्यंत प्रभावी है, जो महिलाओं में कैंसर से होने वाली मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिन किशोरियों ने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, लेकिन 15 वर्ष का जन्मदिन न मनाया हो वे एचपीवी वैक्सीनेशन के लिए पात्र है। यह टीका किशोरियों के लिए अत्यंत सुरक्षित एव लाभकारी है।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना पाली अन्तर्गत ग्राम मदनपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र स्कूलपारा एवं ग्राम कुटेलामुड़ा के आंगनबाड़ी केन्द्र बजरंग चौक में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार इच्छुक आवेदिका पोर्टल में पंजीयन कर 27 अप्रेल से 11 मई तक आवेदन कर सकती हैं। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

### जिला पंचायत सदस्य विद्वान सिंह मरकाम ने सामान्य सभा में उठाया मुद्दा

# पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के 8 सौ से अधिक बच्चे हुए शिक्षा की मुख्य धारा से दूर

### शिक्षा विभाग से बच्चों को स्कूल में जोड़ने की रखी मांग




सामान्य सभा की बैठक में उपस्थित जनपद अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सीईओ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत की सामान्य सभा में एक सनसनी खेज जानकारी उस समय सामने आयी जब क्षेत्र क्रमांक 11 के जिला पंचायत सदस्य ने पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के दूरस्त गांव के सैंकड़ों बच्चों के शिक्षा जैसी मुख्य धारा से दूर होने की जानकारी दी। सदस्य ने सभा को बताया कि क्षेत्र में एस्पायर संस्था के द्वारा किए गए सर्वे में यह जानकारी सामने आयी कि 8 सौ से अधिक बच्चे कई कारणों से स्कूल नहीं जा रहे हैं। जबकि उनके नाम रिकार्ड में दर्ज है।

बीते गुरुवार को जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक अध्यक्ष पवन सिंह की उपस्थिति में आहूत हुई। जिला पंचायत सीईओ डीके नाग ने एजेंडेवार बैठक की कार्यवाही शुरु की। इस कार्यवाही के दौरान जिला पंचायत के सदस्य विद्वान सिंह मरकाम कहा कि जिले के सबसे बड़े पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के दुरुस्थ ग्रामीण अंचलों के छात्र शिक्षा जैसी मुख्य धारा से वंचित हैं। इसके कई कारण हैं जिसकी वजह से अभिभावक बच्चों को स्कूल नहीं भेज पा रहे हैं। श्री मरकाम ने कहा कि ऐसे क्षेत्रों का सर्वे आवश्यक हो चुका है ताकि पिछड़े क्षेत्र के शिक्षा से वंचित बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। श्री मरकाम ने बताया कि बीते कुछ वर्षों से उनके क्षेत्र में संस्थ एंस्पायर के द्वारा सर्वे किया जा रहा है जिसमें स्कूल जाने से वंचित बच्चों का आंकड़ा तैयार किया गया है। उस आंकड़े में 833 बच्चे ऐसे हैं जो विभिन्न कारणों से बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। संस्था ऐसे बच्चों को घर जाकर पढ़ा रही है। श्री मरकाम ने बताया कि स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों के अभिभावक भी बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं। बैठक में श्री मरकाम ने आंकड़े भी प्रस्तुत किए कि कारणों से कितने बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। यह जानकारी सामने आते ही सभा में हड़कंप मच गया। सीईओ जिला पंचायत ने जिला शिक्षा अधिकारी को इस मसले पर जवाब देने को कहा। शिक्षा अधिकारी के द्वारा श्री मरकाम से ऐसे क्षेत्रों की सूची मांगी जहां इस तरह की समस्या है और सर्वे कराने की बात कही।

#### क्षेत्र के भ्रमण के दौरान मिली जानकारी



जिला पंचायत संदस्य क्षेत्र क्रमांक 11 विद्वान सिंह मरकाम ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य होने के नाते क्षेत्र के भ्रमण के दौरान पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों तथा क्षेत्र में सर्वे कर रही एस्पायर संस्था के द्वारा आंकड़ों सहित यह जानकारी दी गई है। जिससे 833 बच्चों को स्कूल से दूर होना बताया गया है। सामान्य सभा की बैठक में उनके द्वारा इसकी जानकारी दी गई है। शिक्षा अधिकारी से ऐसे बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने मांग की गई है।

#### ये कारण हैं बच्चों के स्कूल नहीं जाने का

पलायन की वजह से 57 बच्चे, दस्तावेज की कमी से 140 बच्चे, घरेलू कार्य में लगे 235 बच्चे, पारिवारिक कारणों से 37 बच्चे, बीमारी से ग्रसित 39, माता पिता विहिन 6 बच्चे एवं स्कूल की दूरी की वजह से शिक्षा से दूर रहने वाले बच्चों की संख्या 319 बतायी गई है। उक्त जानकारी सामने आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी को ऐसे क्षेत्रों में भ्रमण कर जानकारी लेने के निर्देश दिए गए।

#### युक्तियुक्तकरण का प्रभाव

पिछले शिक्षण सत्र के दौरान जून माह में स्कूलों और शिक्षकों का किए गए युक्तियुक्तकरण के तहत किए गए एक ही कैंपस एवं एक किमी की परिधि में चलने वाले प्रायमरी व मीडिल स्कूल को जब समायोजन किया गया उससे भी ऐसे बच्चे स्कूल से दूर हो गए जिनके स्कूलों का समायोजन एक किमी दूर दूसरे स्कूलों में कर दिया गया था। जंगली क्षेत्र और दूर होने के कारण अभिभावक भय की वजह से अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजे।

#### बड़ा मामला है

पोड़ी उपरोड़ा जैसे अंकाक्षी ब्लॉक में शिक्षा से दूर रहने वाले बच्चों की जो जानकारी जिला पंचायत सदस्य के द्वारा दी गई है वह बड़ा मामला है। इस मामले से सरकार को अवगत कराया जाएगा।

**प्रशांत मिश्रा,** सांसद प्रतिनिधि

#### कराएंगे क्षेत्र का सर्वे

जिला पंचायत की सामान्य सभा में जनप्रतिनिधियों के द्वारा जानकारी दी गई फिलहाल ऐसा हो नहीं सकता क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की दर्ज संख्या कम है फिर भी जानकारी जनप्रतिनिधि के माध्यम से मिली है वह क्षेत्र का सर्वे कराएंगे और किन किन गांवों में यह स्थिति है इसकी जानकारी लेंगे।

**- टीपी उपाध्याय,** डीईओ

## ज्वेलरी शॉप से लाखों का जेवर ले उड़ी महिलाएं, पुलिस जुटी जांच में



सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तीन महिलाएं ज्वेलरी खरीदने के नाम पर निहारिका स्थित दिव्या ज्वेलर्स पहुंची थीं। जहां तीनों महिलाएं दुकान संचालक से जेवर खरीदने के नाम पर एक-एक जेवर देख रही थी और समय देखकर लाखों रुपए कीमती सोने के जेवर पार कर दिया। जब तक दुकान संचालक को इसकी भनक लगती तब तक बहुत देर हो चुकी थी और तीनों महिला वहां से रफ्फू चक्कर हो चुकी थीं। जिसके बाद तत्काल दुकान संचालक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो तीनों महिलाएं जेवर छुपाते लेकर भागती नजर आयी। पुलिस ने तत्काल हरकत में और मामले की ⏭ शेष पेज 3 पर

#### पुलिस को मिला सुराग

लाखों रुपए कीमती जेवर उठाईगिरी के मामले में पुलिस को अहम सुराग हाथ लगा है, जिसके आधार पर पुलिस की टीम मामले की छानबीन में जुटी हुई है। जिस तरह से पुलिस को सुराग हाथ लगा है उसके आधार पर संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही पुलिस तीनों महिलाओं को पकड़ लेगी और जेवरों को बरामद कर लेगी। फिलहाल पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर पुलिस की अलग-अलग टीम महिलाओं को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

#### अपील करने के बाद भी लापरवाही

जिला पुलिस द्वारा जिले के समस्त सर्राफा व्यापारियों को सूचित एवं सचेत किया जाता रहा कि बाहर अन्य राज्यों से सोना-चांदी के पुराने आभूषण लेकर एक्सचेंज करने आने वाले व्यक्तियों से किसी भी प्रकार का लेन-देन करने से पूर्व विशेष सावधानी बरतें। पुलिस ने सर्राफा व्यापारियों से अपील की की थी है कि अज्ञात एवं संदिग्ध व्यक्तियों से लेन-देन न करें। आभूषणों की गुणवत्ता एवं सत्यता की उचित जांच सुनिश्चित करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा व्यक्ति की जानकारी तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष को दें। इसके बावजूद सर्राफा व्यापारी ने लापरवाही बरती और नुकसान उठानी पड़ी।

## आखिरकार लंबे इंतजार के बाद चारपारा रेत घाट उगलने लगा रेत, शहरवासियों को मिली राहत




कोहड़िया स्थित रेत घाट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के सबसे करीब हसदेव नदी चारपारा कोहड़िया रेत घाट आखिरकार लंबे समय बाद खनिज विभाग ने चालू कर ही लिया। खनिज विभाग द्वारा इस रेत घाट को लंबे समय से चालू करने की प्रक्रिया चल रही थी लेकिन किसी न किसी वजह से काम रुक जा रहा था लेकिन एक बार फिर से यह रेत घाट शुरू हो गया है जिससे निश्चित तौर पर शहर के करीब सबसे नजदीक रेत घाट होने की वजह से शहर में लोगों को अब आसानी से रेत मुहैया हो सकेगी। इस वर्ष रेत घाट से 40 हजार 5 सौ घन मीटर प्रतिवर्ष रेत की निकासी की जानी है।

उल्लेखनीय है कि जिले के आउटर व ग्रामीण क्षेत्रों में एक दर्जन से अधिक रेत घाट संचालित हो रहे हैं लेकिन शहर में लगभग सभी पुराने रेत घाट बंद पड़े हुए हैं जिसकी वजह से शहर वासियों को रेत के लिए यहां वहां भटकना पड़ता था या फिर भिलाई खुर्द स्थित रेत घाट से लोगों को अधिक दर पर रेत मांगना पड़ता था। लंबे समय से खनिज विभाग के उपसंचालक प्रमोद कुमार नायक द्वारा चारपारा कोहड़िया रेत घाट को चालू करने की दिशा पर प्रयास किया जा रहा था आखिरकार चारपारा कोहड़िया को स्वीकृति मिल गई है। इस साल चारपारा कोहड़िया को एक वर्ष में 40 हजार 5 सौ घन मीटर रेत की निकासी होनी है। इसके लिए खनिज विभाग ने आदेश जारी कर दिया है और रेत घाट चालू भी हो चुका है। इस रेत घाट का संचालन नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। निश्चित तौर पर चारपारा रेत घाट के चालू हो जाने से अब शहर वासियों को आसानी से कम दर पर रेत मुहैया हो सकेगी और शहर में होने वाले अन्य विकास कार्यों में तेजी आएगी।

#### कछार में चैन माउंटेन लगाकर रेत की चोरी, जब्त



हसदेव नदी के किनारे ग्राम कछार में चैन माउंटेन मशीन लगाकर अवैध रूप से रेत की निकासी की जा रही थी। जब खनिज विभाग के अफसर को इसकी भनक लगी तो टीम ने मौके पर छापेमारी की कार्रवाई की है। विभाग कार्यवाही करते हुए एक चैन माउंटेन मशीन को जप्त किया गया है। जिले में रेत के अवैध कारोबार को रोकने के लिए जिला खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर कुणाल दुद्दावत के निर्देश पर खनिज संचालक प्रमोद कुमार नायक की टीम लगातार अलग-अलग स्थानों दबिश दे रही है। विभाग को सूचना मिली कि ग्राम कछार में चैन माउंटेन मशीन लगाकर अवैध रूप से रेत की निकासी की जा रही है। सूचना पर खनिज विभाग की टीम ने मौके पर छापेमारी की कार्यवाही की और चैन माउंटेन मशीन को जप्त किया गया है। चैन माउंटेन मशीन किसका है और किसके इशारे पर यह कारोबार चल रहा था या अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। विभाग मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## तालाब में मिली युवक की लाश, पुलिस जुटी जांच में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला नगर स्थित बड़े दशहरा मैदान के पास तालाब में एक युवक की लाश मिली थी। मृतक पिछले कुछ वर्षों से सर्वमंगला नगर की झोपड़पट्टी में रहकर मजदूरी कर जीवन यापन कर रहा था।

मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार को सर्वमंगला नगर के एक परिवार में दशकर्म कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान परिवार के लोग तालाब में स्नान करने पहुंचे, तभी उनकी नजर पानी में तैरती एक लाश पर पड़ी। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही सर्वमंगला पुलिस सहायता केंद्र की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ भी शुरू कर दी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, केशव यादव अविवाहित था और सर्वमंगला नगर की झोपड़पट्टी में रहकर मजदूरी करता था। उसके माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। पुलिस ने बताया कि युवक की मौत किन कारणों से हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।



## खबर संक्षेप

### लव ट्राएंगल में युवक पर हमला



**बिलासपुर।** एक्स बॉयफ्रेंड ने युवक के साथ घूमते देख युवती को जबरन अपने साथ ले जाने की कोशिश करता रहा, युवक के विरोध के बाद गुस्साए बायफ्रेंड ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक पर चालक से हमला कर दिया। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मैग्नेटो मॉल के पास की है,युवक- युवती घूम रहे थे, इस दौरान युवती का एक्स बॉयफ्रेंड पहुंच गया। उसने युवती को साथ चलने कहां लेकिन युवती के इनकार कर दिया जिसके बाद विवाद बढ़ गया और मारपीट में तब्दील हों गया। मारपीट का एक वीडियो भी समाने आया है, इस मामले में युवक ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जिसपर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। वही पुलिस का कहना है कि युवती दोनों लड़कों के साथ घूमती थी,जिससे नाराज एक्स बॉय फ्रेंड ने इस घटना को अंजाम दिया है।

### दुकान गए युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** मामूली कहासुनी पर 4 नाबलिगों ने मिलकर किशोर पर चाकू से हमला कर दिया। घायल किशोर को सिम्स में भर्ती किया गया है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मिनी बस्ती का है। जहां युवक शाहिल बघेल पिता गौकरण बघेल रहता है, सुबह वह किसी काम से गौरव पथ स्थित किराना दुकान गया था, इस दौरान रास्ते में आते समय उसकी मुलाकात मुहल्ले के कुछ लड़कों के साथ हो गई। लड़कों ने मामूली बात पर किशोर के पीट पर चाकू मार दिया, घायल अवस्था में उसे सिम्स में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि नाबालिग नशे के आदी है और अक्सर क्षेत्र में उत्पात मचाते रहते हैं।

### कोटा में तेंदुए के आतंक से ग्रामीणों में दहशत

**बिलासपुर।** कोटा के सरगोड़ और गौरखुरी में दोपहर को अचानक एक तेदुए दिखाई दिया, जिसे देखने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल हो गया है। वहीं सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने गांव में मुनादी कराने के साथ सभी स्टाफ को अलर्ट रहने का आदेश जारी कर दिया है। जानकारी के अनुसार बिलासपुर वन मंडल के कोटा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत कोटा विकासखंड के सुदुरवर्ती सरगोड़ और गौरखुरी के बीच शुक्रवार की दोपहर एक बजे एक व्यस्क तेंदुआ दिखाई दिया। तेंदुआ जिस ओर दिखाई दिया था, वहां कुछ कंस्ट्रक्शन का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने पेड़ के नीचे आराम करते हुए तेंदुए को देखा और दूर से अपने मोबाइल से उसकी फोटो भी ले ली। तेंदुए को अचानक देखने के बाद लोगों ने इसकी जानकारी वन विभाग की टीम को दी। सूचना मिलते ही बिलासपुर वन मंडल के वन मंडलाधिकारी नीरज कुमार के आदेश पर कोटा वन परिक्षेत्र के उप वनमंडलाधिकारी अनिल भास्करन ने गांव में मुनादी कराने के साथ टीम को अलर्ट कर दिया है, ताकि किसी तरह की घटना न हो सके। एसडीओ अनिल भास्करन ने बताया कि सोशल मीडिया के जरिए तेंदुए के होने की जानकारी मिली थी, लेकिन अब तक इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। लोगों ने भी तेंदुए को देखने की जानकारी दी है, जिसके बाद तेंदुए की खोजबीन भी शुरु कर दी गई है।

अपनी मनमर्जी से जितनी चाहे उतनी खाद नहीं खरीद पाएंगे किसान

# निजी दुकानों से खाद लेने के लिए भी अब टोकन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सहकारी समितियों में खाद लेने के लिए तो टोकन अनिवार्य है ही, लेकिन किसानों को अब खुले बाजार की निजी खाद दुकानों से भी खाद लेने के लिए टोकन अनिवार्य करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए साफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है।

■ तैयार किया जा रहा साफ्टवेयर

जिले में सेवा सहकारी समितियों की संख्या 146 है, वहीं कृषि विभाग से उर्वरक लाईसेंस लेकर संचालित 255 दुकानों में खाद की बिक्री के लिए जल्द ही नई टोकन व्यवस्था लागू हो जाएगी। सहकारी समितियों में अपनी मर्जी से बिना जरूरत के भी खाद का उठाव करने वाले किसानों को इस साल ऐसा करने की छूट नहीं मिलेगी। इतना ही नहीं, बल्कि खुले बजार में नगद रकम देकर जितनी मर्जी खाद का उठाव करने वाले किसान भी इस साल मायूस हो जाएंगे। निजी दुकानों से भी खाद लेने के लिए उन्हें एप में जाकर ऑनलाईन टोकन लेना होगा। इसके बाद ही वे बाजार से खाद का उठाव कर सकेंगे। हालांकि सरकार द्वारा बीते वर्ष ही इसकी तैयारी शुरू कर दी गई थी, लेकिन इस साल



जरूरत के अनुरूप खाद का भंडारण कम होने एवं भविष्य में भी उत्पादन में कमी के कारण आवक कमजोर होने के कारण सरकार द्वारा इस व्यवस्था को कड़ाई से लागू किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार यह व्यवस्था मध्यप्रदेश में लागू हो चुकी है, जिसे अब पूरे देश में लागू करने की तैयारी है।

### बगैर एग्रीस्टेक पंजीयन अब खाद भी नहीं

समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियों में धान बेचने के लिए बीते वर्ष एग्रीस्टेक में पंजीयन अनिवार्य किया गया था, लेकिन इस साल इसमें और कड़ाई करते हुए अब बगैर एग्रीस्टेक पंजीयन वाले किसानों को खाद देने पर भी प्रतिबंध लगाने की तैयारी की जा रही है। जिले में अब तक 1 लाख 40 हजार 633 किसानों ने अपना एग्रीस्टेक पंजीयन करवा लिया है, लेकिन 1 हजार 558 किसान अब भी पंजीयन से बाहर हैं।

### जितनी जमीन, उतनी ही खाद मिलेगी

अब तक सहकारी समितियों से खाद लेने के बाद किसान निजी दुकानों से भी जितनी चाहे उतनी खाद खरीद लेते थे। ज्यादातार किसान इस खाद का उपयोग अपने खेतों के लिए ही करते थे। किसानों को लगता था कि खेत में खाद का जितना अधिक छिड़काव किया जाएगा, उत्पादन उतना ही अधिक होगा। इसी तरह अधिक मात्रा में डंप कर लेने के कारण कई किसान मार्केट में खाद की किल्लत होने की स्थिति में अधिक दाम में बेच भी देते थे। अब ऐसा नहीं होगा। किसानों के पास जितनी रजिस्टर्ड जमीन है केवल इसी के आधार पर उतनी मात्रा का ही उन्हें खाद का टोकन जारी किया जाएगा।

### लेना होगा टोकन

सहकारी समितियों के अलावा अब निजी उर्वरक दुकानों से भी खाद लेने पर किसानों को अनिवार्य रूप से टोकन लेना होगा। इसके लिए साफ्टेवयर तैयार किया जा रहा है। बिना एग्रीस्टेक पंजीकृत किसानों को भी खाद नहीं दी जाएगी। किसानों को उनके पास उपलब्ध जमीन के आधार पर ही खाद दी जाएगी, ताकि खाद का अपव्यय न हो सके। इस व्यवस्था से खाद की कालाबाजारी पर भी पूरी तरह रोक लग जाएगी। जिले में 255 निजी उर्वरक दुकानें हैं, जहां आने वाले समय में टोकन सिस्टम लागू करने की तैयारी है।

-पीडी हथेश्वर,
उपसंचालक कृषि

# लकड़ी टाल के सामने आग की जद में आया मकान, बाल-बाल बचे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी थाना क्षेत्र के यादव आरा मिल लकड़ी टॉल के सामने निजी मकान में शुक्रवार की शाम 8 बजे शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि घर में रह रहे किराएदार जान बचाकर भागे। बताया जा रहा है कि घर का उपयोग हास्टल की तरह किया जा रहा था और छत पर शेडनुमा कमरा बनाया गया है, जिस पर जलाऊ लकड़ियां रखी गई थीं, इसलिए आग पर काबू पाने में मशक्कत करनी पड़ी है।

■ सदो घंटे बाद भी नहीं पहुंची दमकल



शुक्रवार की शाम मस्तूरी के निजी घर में अचानक आग लग गई, आग की लपटें उठने के बाद घर में रह रहे किराएदार बाहर दौड़े, आग सबसे पहले छत पर लगी जहां जलाऊ लकड़ियां रखी गई थीं, आशंका व्यक्त कि जा रही है कि शार्ट सर्किट के कारण ही आग लगी है। जिस जगह पर घर बनाया गया है, उसके ठीक पीछे यादव आरामिल और टॉल है, जहां भारी मात्रा में लकड़ी रखी गई है। शाम 8 बजे लगी आग रात 10 बजे तक बुझाई नहीं जा सकी, दरअसल सूचना के 2 घंटे बाद भी फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी। वहीं पुलिस के पहुंचने के बाद घर में रह रहे लोगों को बाहर निकला गया है।

# महुआ शराब के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा क्षेत्र में पुलिस ने अवैध तरीके से महुआ शराब बेचने पर कार्रवाई है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



मामला कोटा थाना क्षेत्र का है, जहां पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कपसिया कला में एक व्यक्ति अपने कब्जे में भारी मात्रा में अवैध कच्ची शराब रख कर बेचने के फिराक में है। अधिकारी के मार्गदर्शन में टीम गठित कर ग्राम कपसियां कला में रेड की गई जहां आरोपी धनी राम कुर्रे पिता धनक राम कुर्रे उम्र 35 वर्ष के कब्जे से 150 लीटर महुआ शराब, 10 नग पन्नी में बंधा पाउच 5 लीटर, कुल 165 लीटर कच्ची महुआ शराब पाई गई है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। इसी प्रकार ग्राम लमकेना में रेड की कार्रवाई के दौरान आरोपिया श्रीमती रामशिला महादेवा पति अश्वनी महादेवा उम्र 48 वर्ष निवासी लमकेना से 65 लीटर महुआ शराब जब्त की गई है।

### अवैध शराब का परिवहन, दो गिरफ्तार

गाड़ियों में शराब भरकर अवैध परिवहन करने वाले दो लोगों के खिलाफ सकरी पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।



जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम हांफा मेनरोड में अज्ञात व्यक्ति शराब परिवहन कर रहा है। पुलिस सूचना के बाद मेनरोड हांफा रवाना हो गई और घेराबंदी कर एक व्यक्ति को रास्ते पर रोक लिया। स्कूटी की तलाशी लेने के दौरान 150 नग गोवा अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की। बता जा रहा है कि आरोपी रवि वर्मा पिता अरूण वर्मा उम्र 26 साल जरौंधा तखतपुर का रहने वाला है। पुलिस ने स्कूटी क्रमांक सीजी 10 बी जेड 0370 को जब्त कर लिया है। इसी प्रकार अवैध शराब के परिवहन के मामले में आरोपी योगेन्द्र कुमार यादव ऊर्फ अमन पिता बोधराम यादव उम्र 24 गिरधौना निवासी को शराब के साथ पकड़ा गया है। दोनों आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# डुप्लीकेसी की शिकायत, खाद्य सामग्री और कास्मेटिक के सैंपल जब्त

**बिलासपुर।** खाद्य और औषधी प्रशासन की टीम ने शुक्रवार की दोपहर व्यापार विहार स्थित सागर ट्रेडिंग कंपनी ने छापा मार कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने कास्मेटिक और खाद्य सामग्रियों के सैंपल जब्त किए हैं। विभाग के अधिकारी सैंपल को रायपुर कार्यालय भेजकर जांच कराने की बात कह रहे हैं।

खाद्य और औषधी प्रशासन के सहायक कंट्रोलर भीष्म सिंह कंवर ने बताया कि विभाग को शिकायत मिली थी कि सागर ट्रेडिंग कंपनी में डुप्लीकेट सामान बेच जा रहा है, यहां से सामान चिल्हर विक्रेताओं तक धड़ल्ले से पहुंच रहा है, जिसके बाद विभाग ने टीम गठित कर छापा मार कार्रवाई की है। इस दौरान खाद्य सामग्रियों में चायपत्ती, नामी ब्रांड के गरम मसाले के साथ ही कास्मेटिक में फेयर लवली और कोलगेट के सैंपल जब्त किए गए है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी थोक दुकान में छापा मार कर सैंपल जब्त किया गया था, लेकिन अब तक उसकी रिपोर्ट नहीं आ सकी है।



कार्रवाई के दौरान संचालक से पूछताछ करती खाद्य विभाग की टीम।

सहायक कंट्रोलर ने लोगों से अपील की है कि हर सामान का पक्का बिल लेकर ही खरीदी की जाए साथ ही प्रोडक्ट पर क्यू आर कोड स्कैन कर उन्हें प्रथम दृष्टा में पहचान की जाए, ताकि डुप्लीकेट सामान को तुरंत ही पकड़ा जा सके।



हरिभूमि कार्यालय में सिटी लुक का विमोचन करते कलेक्टर संजय अग्रवाल, ननि कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे, रमन विवि के कुलसचिव अरविंद तिवारी सहित अन्य।

# हरिभूमि के सिटी लुक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गौरव पथ स्थित हरिभूमि कार्यालय में शुक्रवार को सिटी लुक का विमोचन किया गया। विगत कई वर्षों से हरिभूमि सिटी लुक का प्रकाशन कर रहा है जिसमें शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, मुख्य सड़कों, महत्वपूर्ण स्थलों तथा विभिन्न आवश्यक जानकारियों को संकलित किया गया है। यह मैप आम नागरिकों के लिए मार्गदर्शिका के रूप में उपयोगी रहता है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने सिटी लुक की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल शहरवासियों को सुविधाजनक और व्यवस्थित जानकारी उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

विमोचनअवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, डॉ सीवी रामन विश्वविद्यालय के कुलसचिव अरविंद तिवारी, वाइब्रेंट एकेडमी के ऑफिस कॉर्डिनेटर रत्नेश केशरी,डॉ सीवी रामन विश्वविद्यालय के पीआरओ किशोर सिंह, नगर निगम के पीआरओ आदर्श दुबे मौजूद थे। हरिभूमि के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार ने सिटी लुक के प्रकाशन की जानकारी दी। इस अवसर पर स्थानीय संपादक प्रवीण शुक्ला, उपमहाप्रबंधक अरूण ज्योतिषी सहित हरिभूमि परिवार के सदस्य मौजूद थे।

## एक नजर में सारा शहर...

### आमजन के लिए उपयोगीः अग्रवाल

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि हरिभूमि द्वारा विगत कई वर्षो से सिटी लुक का विमोचन किया जा रहा है। इसमें शहर के चौक-चौराहों व सड़कों की पूरी जानकारी है, शहर के किस क्षेत्र में अस्पताल,कॉलेज,स्कूल व सुगम मार्गो से निकलने तक जानकारी दी गई है,जो कि शहर के आमजनों के लिए बेहद उपयोगी है।

### संरचना की संक्षिप्त जानकारीः सर्वे

ननि आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा कि नगर विकास से जुड़ी जानकारियों को इस तरह व्यवस्थित रूप में प्रस्तुत करना सराहनीय प्रयास है। इससे नागरिकों को नगर निगम की सेवाओं और शहर की संरचना की जानकारी मिलती है।

### ज्ञानवर्धक जानकारीः तिवारी

डॉ सीवी रामन विश्वविद्यालय के कुलसचिव अरविंद तिवारी ने कहा कि यह प्रकाशन न केवल नागरिकों बल्कि विद्यार्थियों और नए लोगों के लिए भी मार्गदर्शिका का कार्य करता है। उन्होंने इसे ज्ञानवर्धक और उपयोगी पहल बताया। इससे नागरिकों को काफी सुविधा होगी।

### एक नजर में सिटी लुकः केसरी

वाइब्रेंट एकेडमी के कोआर्डिनेटर रत्नेश केशरी ने कहा कि हरिभूमि का सिटी लुक मैप आमजन के लिए बहुत फायदेमंद है। इसमें एक नजर में शहर की तमाम प्रमुख जगह व सड़कों का स्पष्ट जानकारी है। एक मिनट में शहर को देखकर आसानी से समझ सकते हैं।

### समाज को जोड़ने का कार्य

डॉ सीवी रामन पीआरओ किशोर सिंह एवं नगर निगम के पीआरओ आदर्श दुबे ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का प्रकाशन शहर की सकारात्मक छवि को प्रस्तुत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। और समाज को जोड़ने का कार्य करती है। यह शहर की जानकारी को सरल और सुलभ बनाने का प्रभावी माध्यम है, जिससे आमजन को दैनिक जीवन में काफी सुविधा मिलती है। इसके माध्यम से हर वर्ग के लोगों को जानकारी मिलेगी।

### गैरेज में खड़ी कार को लगाया आग

**बिलासपुर।** बीती रात राज किशोर नगर स्थित श्री हरि ऑटोमोबाइल्स में अज्ञात शरारती तत्वों ने गैरेज के बाहर खड़ी कार को आग के हवाले कर दिया। आग की लपटें देख पड़ोसियों ने संचालक ज्ञान शर्मा और फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुँची दमकल विभाग की टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक आग पूरी तरह से जल चुकी थी।

गैरेज के संचालक ज्ञान शर्मा ने कहा कि आग जिस तरह से लगाई गई है, उससे लगता है कि गैरेज में खड़ी अन्य गाड़ियों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आग लगा दी गई है। उन्होंने कह कि पड़ोसी समय रहते दमकल को सूचना नहीं देते तो एक साथ कई गाड़ियां जलकर खाक हो जाती। उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि इसके पिछले शरारती तत्वों का हाथ है। उन्होंने पुलिस से इलाके में नियमित गश्त बढ़ाने और दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस अब गैरेज के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

# गैस चूल्हा सुधारक के घर से 54 सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गैस चूल्हे में सुधार कार्य करने वाले एवं हॉस्टल चलाने वाले के यहां छापामार कार्रवाई के दौरान खाद्य विभाग को अवैध तरीके से रखे गए 54 गैस सिलेंडर जब्त करने में सफलता मिली है। टीम को मौके से न केवल घरेलू, बल्कि व्यावसायिक सिलेंडर भी मिले हैं। इसके अलावा इलेक्ट्रानिक तौल मशीन और रिफिलिंग में काम आने वाली 7 नग बंशी भी जब्त की गई है।

■ अवैध भंडारण एवं रिफिलिंग को लेकर की गई कार्रवाई

छापेमारी का दौर कम क्या हुआ गैस की कालाबाजारी करने वालों ने एक बार फिर अपना पैर पसारना प्रारंभ कर दिया है। महामाया गैस चूल्हा नामक एक गैस सुधारक की दुकान में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी की सूचना मिलने पर खाद्य विभाग द्वारा छापेमारी की गई थी। खाद्य नियंत्रक अमृत कुजूर ने बताया कि महामाया गैस सुधारक एवं हॉस्टल संचालक लव निमेष



जायसवाल के यहां 19 नग भरे गैस सिलेंडर 14. 2 किलोग्राम के अलावा 5 किलोग्राम वाले 35 नग घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं। इसी तरह गैस सिलेंडरो में अवैध रूप से रिफिलिंग करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली 7 नग बंशी व एक इलेक्ट्रानिक तौल मशीन की भी जब्ती की गई है। इसी तरह के एक अन्य मामले में टीम के द्वारा विजय स्टील नामक दुकान में छापामारी के दौरान दो नग घरेलू गैस सिलेंडर तीन बंशी व एक तौल मशीन की जब्ती की गई है।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका व ईरान युद्ध के दौरान बीते महीनों में घरेलू व कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आवक में कुछ दिक्कतें होने के कारण जिला प्रशासन के निर्देशानुसार खाद्य विभाग की टीम के द्वारा लगातार छापेमारी की गई थी। शहर में गैस की कालाबाजारी करने वाले अनेक लोगों के गोदामों से गैस सिलेंडर व मशीनें जब्त की गईं थीं। कुछ समय तक यह सिलसिला लगातार चला, लेकिन इसमें थोड़ी कमी आते ही इसमें संलिप्त लोगों ने फिर से कालेबाजारी में सक्रियता दिखानी शुरू कर दी है। सालों से गैस की कालाबाजारी में जुड़े लोग शहर में अनेक स्थानों पर चोरी छिपे फिर से अपना कारोबार जमाने में लगे हैं।

# 5 मई से किसानों को मिलेगी उन्नत तकनीकों की जानकारी

**बिलासपुर।** 5 मई से किसानों को उन्नत तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में 5 मई से 20 मई 2026 तक "विकसित कृषि संकल्प अभियान" संचालित किया जाएगा। जिसके माध्यम से किसानों को खरीफ सीजन की तैयारी एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। अभियान के सफल आयोजन के लिए टीम गठित कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। इसके लिए विभाग ने अलग-अलग विकासखंडों के लिए विशेषज्ञों की दो-दो टीम गठित की है। बिल्हा विकासखंड में कृषि विज्ञान केंद्र की विशेषज्ञ डॉ. शिल्पा कौशिक, डॉ. स्वाति शर्मा, एडीओ श्री डी.पी. दिवाकर और श्री सी.पी. धुर्वे शामिल है। मस्तूरी क्षेत्र में हेमकांति बंजारे, डॉ. निवेदिता पाठक, एडीओ के.एस. मार्को और अनामिका वर्मा की ड्यूटी लगाई गई है।

### महतारी वंदन के लिए ई-केवाईसी 30 जून तक

**बिलासपुर।** महतारी वंदन योजना के सभी पात्र हितग्राहियों की 30 जून तक जिले के चिन्हांकित सीएससी केंद्रों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की आईडी के माध्यम से ई-केवाईसी का कार्य व्हीएलई/आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा निःशुल्क किया जाएगा। ई-केवाईसी की सुविधा हेतु सभी चॉइस/सीएससी केंद्रों में लैपटॉप एवं बायोमेट्रिक डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं। इसके लिए हितग्राही अपना ई-केवाईसी आधार कार्ड एवं महतारी वंदन योजना पंजीकरण आईडी के साथ नजदीकी सीएससी केंद्र में जाकर करवा सकते हैं। इसके लिए किसी प्रकार के प्रिंटआउट या आधार कार्ड की फोटोकॉपी जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

# छत्तीसगढ़ में प्रथम एडवांस रेटिना मशीन से होगा सफल उपचार

**बिलासपुर।** आईजी कार्यलाय के पास आशीर्वाद लेजर फेको नेत्र चिकित्सालय के डायरेक्टर वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. एल. सी. मढ़रिया एवं डॉ. ऐशवर्य मढ़रिया ने बुधवार को प्रेसवार्ता में बताया की नेत्र चिकित्सालय में रेटिना के ऑपरेशन के लिए एडवांस कांस्टेलेशन एल व्हिट्रैक्टोमी जो एल्कॉन अमेरिकन कंपनी की मशीन जो छत्तीसगढ़ व संभाग की प्रथम मशीन से ऑपरेशन की सुविधा अब उपलब्ध है। डॉ. ऐश्वर्य मढरिया जिन्होंने एलवीपीआई हैदराबाद से रेटिना सर्जरी की विशिष्ट ट्रेनिंग व फैलोशिप लेकर आए हैं, इन्होंने बताया कि एडवांस कांस्टेलेशन एल व्हिटरेक्टोमी मशीन से रेटिना के ऑपरेशन, डायबिटीज से होने वाले अंधत्व जिसमें व्हिटरस हेमरेज आंख में खून जम जाता है। ऑपरेशन व नवजात शिशु के रेटिना का जांच व लेज़र इलाज कर रहे हैं यह मशीन छत्तीसगढ़ की प्रथम मशीन है, जिसमें मरीजो को रेटिना के इलाज के लिए हैदराबाद,चेन्नई ,दिल्ली जाना पड़ता था मगर यह सुविधा आशीर्वाद अस्पताल में उपलब्ध है। यह मशीन से रेटिना के एडवांस ऑपरेशन पूरी क्षमता के साथ होगा। यह आंख के प्रेशर को सामान्य रखता है, जिससे ऑपरेशन के समय कोई समस्या नहीं होती है, रेटिना ऑपरेशन जल्दी वह सटीक होता है इस मशीन से ऑपरेशन में नहीं के बराबर दर्द होता है। रिकवरी फास्ट होती है इसकी लेजर टेक्नोलॉजी अत्यधिक एडवांस है, जिससे रेटिना में होने वाले रक्त स्त्राव को तुरंत कंट्रोल कर देता है इस मशीने की कटिंग क्षमता 20 हजार



हेल्थ प्लस

कट पर मिनट है, जो अन्य मशीन की तुलना से कई गुना ज्यादा है। छत्तीसगढ़ के मरीजों को अब दूसरे मेट्रो शहर में रेटिना के इलाज के लिए जाने की आवश्यकता नहीं है। चोट लगने के कारण रेटिना खराब हो जाता है, रेटिना डिटेच हो जाता है उनका तुरंत इमरजेंसी रेटिना ऑपरेशन करके रोशनी बचाई जा सकती है। आर ओ पी नवजात शिशु जिनका जन्म 36 सप्ताह से कम या 2 किलों से कम वजन के बच्चों के रेटिना में कमजोरी आ जाती है। जिससे बच्चे अंधत्व के शिकार हो जाते हैं ऐसे बच्चों का नेत्र परीक्षण जन्म के समय व तीन से चार सप्ताह बाद फॉलोअप करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** रिश्तेदार के यहा शादी का न्योता देने जा रहे वृद्ध को बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए वृद्ध की शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम चांचीडांड निवासी भुवनेश्वर आ. स्व. भूखल राम (66 वर्ष) बुधवार को ग्राम पलढ़ा निवासी रिश्तेदार के यहां शादी का न्योता देने पैदल जा रहा था। जैसे ही वृद्ध ग्राम धरमपुर मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी गांव के सरपंच रामपति ने परिजन को दी और घायल वृद्ध को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती होने की बात बताई। परिजन अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन वृद्ध की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल से छुट्टी कराकर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### लटोरी बस स्टैंड समीप अनियंत्रित हाइवा ने बाइक सवार महिला को कुचला, मौत



**बिश्रामपुर।** रिश्तेदार के साथ बाइक से वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रही महिला की हाइवा की चपेट में आने मौत हो गई है। लटोरी पुलिस ने बताया कि रघुनाथपुर गंगापुर निवासी 45 वर्षीय श्रीमती शिरोमणि पति पवन शुक्रवार को रिश्तेदार बतौली बीरिमकेला निवासी शोभनाथ प्रजापति के साथ बाइक क्रमांक सीजी 15 सीयू 1251 में भटगांव एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थी। तभी सुबह करीब साढ़े 10 बजे ग्राम बरियों की तरफ से गिट्टी लोडकर भैयाथान की ओर जा रहे हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 15 यूके 3219 के चालक ने अंबिकापुर-बनारस हाइवे मार्ग पर लटोरी बस स्टैंड समीप मोहन पान दुकान के सामने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को पीछे से टक्कर मार दिया, जिससे बाइक सवार महिला अचानक नीचे फेंका गई और हाइवा वाहन के पिछले चक्का की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में महिला का सिर पूरी तरह कुचल गया था। घटना उपरांत वाहन चालक ने हाइवा वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया है। सूचना पर लटोरी पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा करने उपरांत दुर्घटनाकारित हाइवा वाहन को जब्त कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### मरीज को छोड़कर अंबिकापुर जा रही एम्बुलेंस गिरी पुल के नीचे, चालक गंभीर

**सेदम।** ग्राम शिवपुर में मरीज छोड़कर अंबिकापुर जा रहे एंबुलेंस पुल के नीचे गिर गया जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक को ग्रामीणों ने बाहर निकाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली में भर्ती कराया जहां गंभीर हालत होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि सुबह लगभग 6 बजे बतौली के शिवपुर एकलव्य विद्यालय के समीप तेज रफ्तार एंबुलेंस अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गया। जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक शिवपुर में मरीज छोड़कर वापस अंबिकापुर जा रहा था तभी अनियंत्रित होकर मोड में स्थित पुल से एंबुलेंस पलट गया। एंबुलेंस के नीचे गिरने से चालक शैलेन्द्र वाहन में ही फंस गया था जिसे ग्रामीण सहित राहगीरों ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया जहां गंभीर हालत होने पर चालक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### ज्वेलरी शॉप से...

छानबीन में जुट गई। जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत निहारिका में दिव्या ज्वेलर्स का संचालन अखिल देवांगन के द्वारा किया जाता है। बताया जाता है कि शुक्रवार की दोपहर लगभग 12 बजे 3 महिलाएं ज्वेलर्स खरीदने के नाम पर दुकान पहुंची थीं। जहां दुकान संचालक और कर्मियों द्वारा एक-एक कर अलग-अलग जेवर दिखाया जा रहा था। इस बीच तीनों महिलाओं ने दुकान में रखे दो सोने की चेन, दो लॉकेट सहित लगभग 28 ग्राम सोने का कुल कीमती लगभग 4 लाख का जेवर पार कर दिया। जब दुकान संचालक अखिल देवांगन को यह पता चला कि उसके दुकान से सोने के जेवरात गायब हैं तो उसके होश उड़ गए और उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस के अफसर को दी। उठाई गिरी की सूचना पाते ही नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, सिविल लाइन थाना प्रभारी आस्था शर्मा अपने दलबल सहित मौके पर पहुंचे और दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने लगे। जहां तीन महिलाएं चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैं। पुलिस की टीम सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिलाओं की छानबीन शुरू कर दी है।

---

शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं लैब-सुविधाओं की हुई समीक्षा

# कलेक्टर ने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का किया निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर जताई नाराज़गी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कोरबा का औचक निरीक्षण कर संस्थान की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं लैब-सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कई महत्वपूर्ण अव्यवस्थाएँ सामने आईं, जिन पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण की शुरुआत प्रशासनिक शाखा से हुई, जहां कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रजिस्टर, उपस्थिति संख्या और अन्य अभिलेखों से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राचार्य द्वारा उपलब्ध नहीं कराई जा सकी। इस पर कलेक्टर ने खाते व अभिलेखों को व्यवस्थित रखने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने संस्थान में वर्षों से पड़ी अनुपयोगी सामग्री को शासन के नियमों के अनुसार स्क्रैप में निस्तारित करने का भी आदेश दिया। इलेक्ट्रिकल लैब के निरीक्षण में पाया गया कि विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल कार्य नियमित रूप से नहीं कराया जा रहा है। कलेक्टर ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लैब संचालन को सुव्यवस्थित करने और सभी प्रैक्टिकल गतिविधियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पुनः प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कार्यालयीन शाखा में स्टाफ कक्षों पर किसी भी कर्मचारी की नेम प्लेट अथवा कार्य-विभाजन की जानकारी प्रदर्शित न होने पर कलेक्टर ने विशेष आपत्ति जताई और आदेश दिया कि तीन दिनों के भीतर सभी कर्मचारियों की नेम प्लेट तथा आवंटित कार्य सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए, ताकि कार्यालयीन पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। कैंपस में स्वच्छता व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं पाई गई। कॉलेज परिसर में फैली अव्यवस्था और अपर्याप्त सफाई व्यवस्था पर कलेक्टर ने तत्काल सफाई व्यवस्था को सुधारने के निर्देश दिए। प्रोसेस इंस्ट्रुमेंटेशन लैब में वर्ष 2024 में खरीदे गए 19 कंप्यूटरों में से 14 कंप्यूटर अब तक उपयोग में नहीं लाए गए थे। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए कलेक्टर ने सभी कंप्यूटरों को तीन दिनों के भीतर इंस्टॉल कर पूर्णतः क्रियाशील स्थिति में लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग लैब में मौजूद उपकरणों के रखरखाव की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी उपकरणों को सदैव कार्यशील स्थिति में रखने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि कॉलेज में पीडब्ल्यूडी द्वारा संचालित मरम्मत एवं रखरखाव कार्य धीमी गति से चल रहे हैं। कलेक्टर ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग लैब के निरीक्षण में उपकरणों तथा सामग्री को अव्यवस्थित अवस्था में पाया गया, जिस पर उन्होंने सभी सामग्री को व्यवस्थित रखने और अनुपयोगी वस्तुओं को स्क्रैप में निस्तारित करने के निर्देश दिए।

### खराब कंप्युटर ना लाए उपयोग में

बेसिक कंप्यूटर लैब में 10 पैक्ड एवं अप्रयुक्त कंप्यूटर मिले, जिन्हें छात्रों के लिए उपयोग में लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही कलेक्टर ने लैब में एआई लर्निंग, कंप्यूटर कोडिंग तथा उन्नत डिजिटल स्किल्स का प्रशिक्षण शुरू करने को भी कहा। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तथा प्रथम वर्ष की संचालित कक्षाओं के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्रों से संवाद किया और निर्देश दिया कि अधिक से अधिक उद्योग-उन्मुख प्रयोग कराए जाएँ, जिससे छात्रों को उद्योग में रोजगार प्राप्त करने हेतु आवश्यक दक्षताएँ विकसित हो सकें।

---

# मजदूर दिवस से शुरू होगा प्रदेशव्यापी जनप्रतिनिधि संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ के विद्युत कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन द्वारा आगामी 1 मई (मजदूर दिवस) से 7 मई तक पूरे प्रदेश में जनप्रतिनिधि संपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। इस अभियान के जरिए कर्मचारी सीधे जनता के प्रतिनिधियों तक अपनी आवाज पहुँचाएंगे।

यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने बताया कि यह अभियान अभूतपूर्व होगा। प्रदेश भर के पदाधिकारी और कर्मचारी एकजुट होकर 90 विधायकों, 11 लोकसभा सांसदों, 5 राज्यसभा सांसदों से उनके निवास और कार्यालयों में संपर्क करेंगे। ज्ञापन सौंपकर उन्हें विभाग की जमीनी हकीकत और कर्मचारियों के शोषण से अवगत कराया जाएगा। यूनियन ने पांच सूत्रीय एजेंडा तैयार किया है जिसमें विद्युत कंपनियों में तत्काल पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए, रिक्त पड़े हजारों पदों पर तत्काल नियमित भर्ती प्रक्रिया शुरू हो, वर्षों से अल्प वेतन पर जान जोखिम में डालकर काम कर रहे संविदा कर्मियों को नियमित किया जाए, विभाग में जारी ठेका प्रथा और आउटसोर्सिंग को जड़ से समाप्त किया जाए, कर्मचारियों के लिए रिस्क अलाउंस और सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित हो से संबंधित मांग शामिल है। प्रांतीय अध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि कर्मचारी अब आश्वासन की घुट्टी पीने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इन मूलभूत मांगों पर शासन ने शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो आने वाले समय में प्रदेश की विद्युत व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। यह अभियान केवल शुरुआत है, जरूरत पड़ी तो छत्तीसगढ़ के बिजली घर से लेकर सड़कों तक बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। यूनियन ने सांसदों और विधायकों से अपील की है कि वे कर्मचारियों की इन न्यायोचित मांगों को विधानसभा और संसद के पटल पर उठाएं। साथ ही यूनियन ने अपने सभी सदस्यों को आह्वान किया है कि 1 से 7 मई के बीच इस अभियान को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएं।



अनिल द्विवेदी।

### खास बात

- 90 विधायकों, 11 लोकसभा एवं 5 राज्यसभा सांसदों को सौंपे जाएंगे ज्ञापन

---

# पार्षद ने सीसी रोड का किया शुभारंभ पर पानी की समस्या से हैं परेशान



भूमिपूजन करते जनप्रतिनिध एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पार्षद सत्येंद्र दुबे ने तुलेश्वर सिंह ने वार्ड क्रमांक 42 में सर्वमंगला चौक तक सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर वार्ड के आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सड़क निर्माण से मिली इस खुशी के बीच दैहानपारा वासियों के चेहरे पर एक गहरी चिंता की लकीर भी साफ दिखती है और वह चिंता है पीने के पानी की भयंकर किल्लत की। तपती गर्मी के मौसम में पानी की आपूर्ति बुरी तरह बाधित होने के कारण वार्ड के निवासी, विशेषकर महिलाएं, भारी परेशानी झेलने पर मजबूर हैं। हालात इतने विकट हो चुके हैं कि दैहानपारा की महिलाएं स्वयं महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत से मुलाकात कर इस समस्या का निदान माँगने पहुंचने वाली है। यह स्थिति इस बात की याद दिलाती है कि सड़क और नाली जैसे दृश्य विकास कार्यों के साथ-साथ बिजली और पानी जैसी बुनियादी जरूरतें भी उतनी ही प्राथमिकता माँगती हैं। जनप्रतिनिधियों को केवल उद्घाटन की चमक तक सीमित न रहकर नागरिकों की रोज़मर्रा की पीड़ा के प्रति भी सतत सक्रिय रहना होगा वरना तपती गर्मी में प्यासे और परेशान नागरिकों का गुस्सा फिर दरवाजे तक आ सकता है। शीघ्र ही जलापूर्ति की समस्या का भी स्थायी समाधान निकाला जाएगा।

---

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम में बल्क जनरेटरों को नये सिरे किया चिन्हांकित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहरी निकाय क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण निकाय क्षेत्रांतर्गत ऐसे वेस्ट बल्क जनरेटर जो भारी मात्रा में कचरे का उत्सर्जन करते हैं एवं उनकी इकाईयाँ निर्धारित मानदण्डों के अंतर्गत आती है, उनकी अपने यहां उत्सर्जित कचरे के समुचित प्रबंधन व निपटान की जवाबदारी अपनी स्वयं की है। उन्हें कचरे के प्रबंधन हेतु अपनी इकाईयों संस्थानों में अनिवार्य रूप से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनी होगी।

नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा 27 जनवरी राज्यपत्र में अधिसूचना जारी कर बल्क वेस्ट जनरेटरों के यहाँ उत्सर्जित कचरे के प्रबंधन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं तथा बल्क वेस्ट जनरेटरों को नये सिरे से चिन्हांकित किया गया है। यह ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 एक अप्रैल से प्रवृत्त किये गये हैं, ये नियम प्रत्येक शहरी निकाय के साथ-साथ ग्रामीण स्थानीय निकाय पर भी लागू होंगे, जिसमें उनके अधिकार क्षेत्र के अधीन आने वाली सभी संस्थाएं सम्मिलित है, चाहें वह सरकार द्वारा नियंत्रित व प्रबंधित हों, निजी क्षेत्र या लोक निजी भागीदारी में, विशेष अधिसूचित क्षेत्र, अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्र या टाऊनशिप, विशेष आर्थिक जोन, फूड पार्क, भारतीय रेलवे के नियंत्रण वाले क्षेत्र जिनमें रेलवे स्टेशन, रेलवे ट्रेक और रेलवे ट्रेक से सटे भूमि खण्ड सम्मिलित है, हवाई अड्डे, एयरबेस, पत्तन और विमान पत्तन सम्मिलित हैं, रक्षा प्रतिष्ठान, लोक और निजी प्रतिष्ठान, राज्य और केन्द्रीय सरकार के संगठन, तीर्थ स्थल, धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थान और सभी भूमि मालिक और प्रत्येक घरेलु संस्थागत, वाणिज्यिक और किसी अन्य गैरआवासीय ठोस अपशिष्ट उत्पादक पर लागू होंगे।

### बल्क वेस्ट जनरेटर चिन्हांकित

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 में बल्क वेस्ट जनरेटरों को नये सिरे से चिन्हाकित किया गया है, जिसके अनुसार भारी मात्रा में अपशिष्ट जनरेट करने वाली वे इकाईयाँ जो इन मानदण्डों में से कम से कम एक को पूरा करती हो, यथा 20 हजार वर्गमीटर या उससे अधिक क्षेत्रफल वाले भवन या प्रतिदिन 40 हजार लीटर पानी की खपत या प्रतिदिन 100 किलोग्राम ठोस अपशिष्ट का उत्सर्जन सम्मिलित हैं, इसके तहत केन्द्रीय सरकार के विभाग या उपक्रम, राज्य सरकार के विभागों या उपक्रमों के द्वारा अधिग्रहित भवन, स्थानीय निकाय द्वारा अधिग्रहित भवन, पब्लिक सेक्टर उपक्रम या निजी कम्पनियाँ, स्कूल, कालेज, विश्वविद्यालय अन्य शैक्षणिक संस्थान और सामुदायिक स्थान या उस जैसे स्थान शामिल हैं। इसी प्रकार रेलवे, बस स्टैण्ड या डिपो, विमान पत्तन सहित वाणिज्यिक स्थापनाएं, औद्योगिक इकाईयाँ और औद्योगिक क्षेत्र, माल, मल्टीप्लेक्स, होटल, अस्पताल, नर्सिंग होम, छात्रावास, कृषि और बागवानी उत्पादों, मछली और मांस के लिये मण्डियों सहित थोक बाजार, स्टेडियम, खेल परिसर, सामुदायिक हाल, कन्वेंशन हाल, आडिटोरियम, विवाह या भोज हाल, सम्मेलन केन्द्र, एक्सपो सेल्टर, प्रदर्शनी क्षेत्र व पर्यटन स्थल आदि वाणिज्यिक उपयोक्ता व आवासीय सोसायटी शामिल हैं।

### कार्यक्रम आयोजन की सूचना 3 दिन पूर्व देनी आवश्यक

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 में स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं कि कोई भी व्यक्ति अग्रिम रूप से कम से कम 3 कार्य दिवस पहले स्थानीय निकाय को सूचित किये बिना किसी भी गैरअनुज्ञप्ति वाले स्थान पर 100 व्यक्तियों से अधिक का कोई आयोजन व समारोह आयोजित नहीं करेगा तथा ऐसा व्यक्ति या आयोजक यह सुनिश्चित करेगा कि अपशिष्ट का स्त्रोत पर पृथक्करण हों एवं पृथक किये गये अपशिष्ट को स्थानीय निकाय द्वारा निर्धारित यूजर चार्जेज की राशि जमा कराने के पश्चात एजेंसी को या अभिकरण को सौप दिया जाए तथा इस उत्पन्न अपशिष्ट का नियमानुसार निस्तारण किया जाए। इसके अतिरिक्त अपशिष्ट प्रबंधन व निस्तारण के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के अंतर्गत प्रदान किये गये हैं।

---

# स्वयंसेवकों ने गरीब परिवार की दो शादियों में किया सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको क्षेत्र के कैलाश नगर स्थित राम मंदिर परिसर में रहने वाले एक आर्थिक रूप से कमजोर यादव परिवार के लिए सामाजिक सहयोग की अनूठी मिसाल सामने आई है। मजदूरी कर जीवनयापन करने वाले इस परिवार के लिए बेटी और बेटे दोनों की शादी कर पाना कठिन हो रहा था।

परिवार की परेशानी जानकर बालको माधव प्रभात शाखा के स्वयंसेवक आगे आए और शादी की पूरी जिम्मेदारी उठाने का निर्णय लिया। सभी स्वयंसेवकों ने मिलकर शादी में आवश्यक राशन सामग्री जैसे आटा, चावल, सब्जी सहित अन्य जरूरी सामान उपलब्ध कराया। इसके साथ ही मातृ शक्ति ने दुल्हन के लिए साड़ी एवं सुहाग सामग्री भेंट की।



स्वयंसेवकों ने आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया, जिससे शादी का आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो सका। समाजसेवा की इस पहल के तहत निगम से निःशुल्क सामुदायिक भवन एवं पानी के टैंकर की व्यवस्था भी कराई गई, जिससे परिवार को बड़ी राहत मिली। इस दौरान रमेश सोनी, लोकेश्वर चौहान (लुक्की), संजय सिंह, लखन चंद्रा, कृष्णा सोनी, ज्योति परिहार, सुरेखा तिवारी, शशि महंत सहित परिवारजन और बस्ती के अन्य लोग उपस्थित रहे।

### श्री सप्तदेव मंदिर में आर्ट ऑफ लिविंग साधकों का सत्संग कार्यक्रम

**कोरबा।** श्री सप्तदेव मंदिर में गुरुवार को आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के साधकों द्वारा रात्रि 7.30 बजे से 8.30 बजे तक सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में आर्ट ऑफ लिविंग के साधकों के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन, ध्यान एवं आध्यात्मिक प्रवचनों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को सकारात्मक ऊर्जा और मानसिक शांति का अनुभव प्राप्त हुआ।

*** हरदीबाजार।** कलचुरी पब्लिक इंग्लिश स्कूल हरदीबाजार में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। संस्था प्रभारी धर्मेंद्र डहरवाल प्रधानाचार्य श्रीमती डीलेश्वरी डहरवाल के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। श्री डहरवाल ने कहा कि आप हमेशा इसी तरह मेहनत करते रहेंगे तो आप बहुत जल्द अपने लक्ष्य को हासिल कर लेंगे।

**न्यायलय तहसीलदार कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

**रा.प्र.क्र/ब-121/2025-26**
**ग्राम कोरबा, प.ह.नं-16**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका जयनारायण सिंह पिता/पति/ गुजेश्वर जाति भूमिहार निवासी/ग्राम कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ०ग०) के ग्राम कोरबा पहनं रा०नि०मं० के द्वारा अपने पुत्र/पुत्री विशाल सिंह के लिए केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति/शैक्षणिकसंस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय एवं सम्पत्ति (EWS) प्रमाण पत्र बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 06-05-2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 22-04-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**कोरबा (छ.ग.)**

**DECLARATION/AFFIDAVIT**
(IN THE BEFORE OF NOTARY PUBLIC KORBA, CHHATTISGARH)

I, Rajendra Prasad Gupta, son of Shri Heera Prasad Gupta, aged about **64** years, resident of House No. **830**, Ward No. **35**, Ayodhyapuri, Jamnipali, Korba (Chhattisgarh), Police Station & Tehsil Darri, District Korba, Chhattisgarh, do hereby solemnly affirm and state as follows:Aadhaar No.**7011 5099 4707**

1.That I am the deponent herein and I am well acquainted with the facts of this affidavit.

2. That I hereby declare that the names Rajendra Prasad and Rajendra Prasad Gupta refer to one and the same person, i.e., myself.

3. That in my official and legal documents such as Aadhaar Card, PAN Card, and other valid documents, my name is recorded as Rajendra Prasad Gupta.

4. That I am commonly known, identified, and addressed by both names, namely Rajendra Prasad and Rajendra Prasad Gupta.

5. That this affidavit is executed for the purpose of confirming that both the names belong to me and may be used interchangeably in all legal and official matters.

I solemnly affirm that the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief, and nothing material has been concealed therein.

DEPONENT
Rajendra Prasad Gupta

**न्यायालय-राजेश खलखो व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ श्रेणी जैजैपुर, जिला जांजगीर चांपा छ.ग.**

प्रकरण क्रमांक-40ए/2023
प्रोसेस क्रमांक-369/2026
पेशी तारीख - 05.05.2026

**फागुलाल.............. वादी**
**विरूद्ध**
**दाऊराम .......................प्रतिवादी**

वादी फागुलाल पिता इतवारी निवासी ग्राम कुटराबोड तह. हसौद जिला सक्ती ने आप अनावेदकगण 01. गोगुल पिता दशरथ हाल निवासी गेरवा घाट टी.पी. नगर कोरबा 02. अजय पिता दशरथ हाल निवासी गेरवा घाट टी.पी. नगर कोरबा 03. अमृत पिता इतवारी हाल निवासी पंखा दफाई कोरबा छ.ग. के विरूद्ध वाद संस्थित किया है। आपको न्यायालय में तारीख 05.05.2026 को दिन में 11.00 बजे उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समंस किया जाता है। आप स्वयं न्यायालय में या ऐसे किसी पलीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिस सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जा रहा है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे में हो या अपना प्रतिरक्षा या मुजराई को दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भरता करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज तारीख 21.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।

नोट - यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

**(राजेश खलखो)**
**व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, जैजैपुर**
**जिला : जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकिज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### अब आंगनबाड़ी सुबह 7 से 11 बजे तक होंगे संचालित

**कोरबा।** भीषण गर्मी और लू के बढ़ते प्रभाव को गंभीरता से लेते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग ने बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए त्वरित और संवेदनशील निर्णय लिया है। ग्रीष्मकाल के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में बदलाव करते हुए इसे 6 घंटे से घटाकर 4 घंटे कर दिया गया है। 1 अप्रैल से 30 जून तक आंगनबाड़ी केंद्र प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक संचालित होंगे। विशेष रूप से 23 अप्रैल से 30 जून तक बच्चों की उपस्थिति का समय केवल सुबह 7 बजे से 9 बजे तक निर्धारित किया गया है, ताकि वे भीषण गर्मी और लू के प्रभाव से सुरक्षित रह सकें। इस निर्धारित अवधि में बच्चों को पूर्व तय समय-सारिणी के अनुसार प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख एवं शिक्षा के साथ-साथ पूरक पोषण आहार का नियमित वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बच्चों की शिक्षा और पोषण सेवाओं की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं अपने निर्धारित जॉब चार्ट के अनुसार शेष कार्यों का निष्पादन करेंगी।

### जिले के 37 क्षेत्रों में लगेंगे जनसमस्या निवारण शिविर

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण हेतु सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत व्यापक स्तर पर जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। राज्य शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप जनता को समयबद्ध सेवाएँ प्रदान करने और योजनाओं का लाभ सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा कुल 37 शिविरों का विस्तृत कैलेंडर जारी किया गया है। संबंधित विभागों के अधिकारियों को क्लस्टर प्रभारी बनाते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन शिविरों की शुरुआत जनपद पंचायत पोडीउपरोड़ा में 4 मई को लैंगा से होगी। इसके तहत 7 मई को सारिसमार, 11 मई को चोटिया, 15 मई को सिरमीना, 18 मई को तुमान, 21 मई को जल्के, 26 मई को जटगा, 29 मई को तानाखार, 3 जून को मोरगा तथा 4 जून को गुरसिया में शिविर आयोजित किए जाएंगे। जनपद पंचायत पाली के अंतर्गत 04 मई को ईरफ, 08 मई को मागामार, 11 मई को चोढ़ा, 15 मई को नोनबिर्रा, 18 मई को नगोई, 22 मई को धौराभांठा, 26 मई को निरधी, 29 मई को चेपा तथा 4 जून को रेंकी में शिविर लगाए जाएंगे। जनपद पंचायत कोरबा में 7 मई को ढोंगदरहा, 11 मई को चुईया, 14 मई को केराकछार, 21 मई को पहदा, 1 जून को देवपहरी, 3 जून को बरपाली और 5 जून को चिर्रा में शिविरों का आयोजन होगा। जनपद पंचायत करतला में 7 मई को कोटमेर, 13 मई को गिधौरी, 20 मई को देवलापाठ, 28 मई को नवापारा (चै), 1 जून को कनकी और 4 जून को फरसवानी में जनसमस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

### विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगी नशामुक्ति रैलियां

**कोरबा।** राज्य शासन के सुशासन के संकल्प और जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता के तहत कोरबा जिले में अवैध शराब के विक्रय, संग्रहण और परिवहन पर अंकुश लगाने तथा जनमानस को जागरूक करने हेतु एक विशेष नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले की चिन्हित ग्राम पंचायतों में भव्य रैलियों का आयोजन किया जाएगा, ताकि समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया जा सके। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर रैलियों का आयोजन निर्धारित तिथियों पर सायं 4 बजे से किया जाएगा। रैलियों के सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, भारत माता वाहिनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों और ग्राम पंचायतों के प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ समन्वय स्थापित कर उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं। प्रशासन द्वारा रैली स्थल पर रूट निर्धारण, साउंड सिस्टम, पेयजल और स्वल्पाहार जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। नशामुक्ति अभियान के तहत जनपद पंचायत कोरबा के ग्राम नकटीखार में 28 अप्रैल को रैली निकाली जाएगी। इसके पश्चात जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम तेलसरा में 30 अप्रैल को आयोजन होगा। मई माह के अंतराल के बाद, जनपद पंचायत पाली के ग्राम नुनेरा में 15 जून को और जनपद पंचायत पोडीउपरोड़ा के ग्राम मल्दा में 22 जून को रैलियाँ आयोजित की जाएंगी। अभियान के इस चरण का समापन जनपद पंचायत करतला के ग्राम गिधौरी में 29 जून को आयोजित होने वाली रैली के साथ होगा।

### एक दिवसीय कार्यशाला व शपथ ग्रहण समारोह कल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ आदिवासी विकास परिषद् जो कि आदिवासी समाज का मातृ संगठन है, जो कि प्रदेश में पुनः अपना संगठन विस्तार अभियान धरती आबा शहीद बिरसामुण्डा की जयंती दिवस से प्रदेश कमेटी गठन पश्चात विभिन्न जिला, ब्लॉक, तहसील, कमेटियों का गठन जमीन स्तर पर अभियान चला रहा है, इसी कड़ी में छग आदिवासी विकास परिषद जिला अपने जिला कमेटी ब्लॉक कमेटी तहसील कमेटी के गठित सभी प्रकोष्टों के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह व परिषद के नव निर्वाचित पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं एवं परिषद् के सामाजिक सहयोगी कर्मचारी संगठन जो कि आदिवासी अधिकारी कर्मचारी के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यरत संगठन छग अनु. जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के पदाधिकारियों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला छग आदिवासी विकास परिषद् जिला एवं छग अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित है।

### प्रदेश में गर्मी के साथ लगातार बढ़ रही बिजली की खपत

# गहराया बिजली संकट, मांग और उत्पादन के बीच 4 हजार 500 मेगावाट का अंतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य में गर्मी बढ़ने के साथ बिजली की खपत भी लगातार बढ़ती जा रही है। अप्रैल महीने में ही तापमान 43 से 44 डिग्री तक पहुँच चुका है, जिससे एसी और कूलर की खपत दिन-रात बढ़ गई है। इसका असर बिजली की खपत पर साफ दिख रहा है और इस समय राज्य की बिजली खपत 6800 मेगावाट के पार हो चुकी है। प्रदेश में बिजली की खपत लगभग 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। विशेषज्ञों की मानें तो इस बार बिजली की खपत 7500 मेगावाट तक जा सकती है जो पिछले साल की खपत 7000 मेगावाट से कहीं ज्यादा है।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के विद्युत संयंत्रों में महज 2300 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा है। वहीं 4300 मेगावाट बिजली केंद्र सरकार से लेनी पड़ रही है। साथ ही निजी क्षेत्र से भी बिजली खरीदी जा रही है ताकि बढ़ी हुई डिमांड पूरी की जा सके। राज्य के बिजली संयंत्रों की उत्पादन क्षमता 2960 मेगावाट है लेकिन उत्पादन आमतौर पर 2600-2700 मेगावाट के बीच ही हो पाता है। एचटीपीएस संयंत्र के झाबू स्थित राखड़ बांध के फूटने के बाद 210 मेगावाट क्षमता वाली इकाई क्रमांक 3 व 4 को उत्पादन से बाहर कर दिया गया है वहीं इतनी ही क्षमता वाले इकाई क्रमांक 1 व 2 से 110 और 120 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जा रहा है। हालांकि 500 मेगावाट वाले विस्तार संयंत्र से 410 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जा रहा है। दरअसल क्षतिग्रस्त झाबू राखड़ बांध में दबाव ना बने इसलिए विद्युत उत्पादन घटाकर राख उत्सर्जन बंद कर दिया गया है। पिछले दिनों कोरबा पश्चिम और श्यामा प्रसाद मुखर्जी संयंत्रों के यूनिट बंद थे जिससे उत्पादन और भी घट गया था। हालांकि श्यामा प्रसाद मुखर्जी संयंत्र का 250 मेगावाट का यूनिट चालू हो गया है लेकिन कोरबा वेस्ट का 210 मेगावाट का संयंत्र अभी भी बंद है। ऐसे में बिजली की लगातार बढ़ती खपत और उत्पादन में कमी के कारण, बिजली की कटौती का खतरा भी मंडरा रहा है। राज्य विद्युत कंपनी का दावा है कि डिमांड को पूरा करने के लिए पर्याप्त बिजली की व्यवस्था की गई है लेकिन अगर कई संयंत्र और बंद हो जाते हैं तो कटौती की स्थिति बन सकती है। पिछले साल भी कई संयंत्रों की इकाईयों के खराब होने के कारण उद्योगों की बिजली सप्लाई में कटौती की गई थी। विशेषकर बिजली की कमी होने पर पहले उद्योगों की सप्लाई पर असर पड़ता है। सामान्य दिनों में लोग लाइट और पंखे का ही इस्तेमाल करते हैं। इस समय कृषि पंप, एसी कूलर का इस्तेमाल नहीं होता। सामान्य दिनों में पूरे प्रदेश में 5000 मेगावाट बिजली की डिमांड रहती है। पिछले साल पीक सीजन में छत्तीसगढ़ में 6372 मेगावाट की डिमांड थी, जो इस साल बढ़कर 6800 मेगावाट तक पहुंच गया है। बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए राज्य सरकार केंद्र सरकार के कोटे और निजी क्षेत्रों से बिजली खरीद रही है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने बिजली की कमी से बचने के लिए पंजाब और राजस्थान जैसे राज्यों के साथ पॉवर बैंकिंग की है।


फाइल फोटो

#### क्या है समाधान

इस स्थिति से निपटने के लिए बिजली कंपनी को संयंत्रों की मरम्मत और रख-रखाव को प्राथमिकता देनी होगी। साथ ही, निजी क्षेत्र से बिजली की सप्लाई बढ़ाकर मांग पूरी करने के उपायों पर काम करना होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि तापमान और खपत का यही रुझान रहा, तो राज्य में बिजली संकट गहरा सकता है। इस समय, बिजली की बढ़ती खपत और संयंत्रों की उत्पादन क्षमता में कमी एक बड़ी चिंता का विषय बन चुकी है। अगर यह स्थिति बनी रही तो प्रदेश में बिजली कटौती की स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है।

#### पिकआवर में महंगी बिजली

पावरपुल के साथ ही बिजली की खरीदी भी की जाती है। बिजली खरीद कर उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की जाती है। उपभोक्ता बढ़ने के साथ ही नए कंस्ट्रक्शन नए उद्योग भी स्थापित हो रहे हैं। जिसकी वजह से भी बिजली की खपत बढ़ी है। ऐसे में विद्युत विभाग को बिजली की खरीदी भी करनी पड़ती है लेकिन उसके लिए शाम या रात के समय खरीदी करते हैं तो बिजली विभाग को अधिक शुल्क चुकाना पड़ता है। दिन में खरीदी करते हैं तो शुल्क कम लगता है।

# सूरज उगल रहा आग, सड़कें हुई सूनसान, गहराने लगा जल संकट


गर्मी में सूनसान सड़क।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तेज धूप और गर्म हवाओं ने जहां आम जनजीवन को प्रभावित कर रखा है। दिन का तापमान 44 डिग्री तक पहुंच चुका है। सड़कें सूनसान होने लगी है। इसके साथ ही कई नई चुनौतियां भी सामने आने लगी हैं।

#### खास बात

- जागरुक लोगों ने घरों के सामने मवेशी व पक्षियों के लिए की पानी की व्यवस्था

ऐसे में इंसानों ने अपनी जरूरतों के साथ-साथ पर्यावरण और जीव-जंतुओं के प्रति भी संवेदनशीलता दिखानी शुरू कर दी है। शहर और आसपास के क्षेत्रों में पक्षियों और पशुओं के लिए पानी और भोजन की व्यवस्था करने की पहल तेज हो गई है। लोगों द्वारा अपने घरों की छतों, आंगनों और खिड़कियों पर मिट्टी के बर्तन, पानी से भरे कटोरे और दाना रखा जा रहा है, ताकि गर्मी में पक्षियों को राहत मिल सके। इसके अलावा कई सामाजिक और स्वयंसेवी संस्थाओं ने भी इस दिशा में सराहनीय कदम उठाए हैं। व्यस्त बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों और चौराहों पर भी पानी के बर्तन और पशुओं के लिए चारा रखने की व्यवस्था की जा रही है। कुछ स्थानों पर विशेष रूप से मटके और टंकियां रखी गई हैं, जिनमें नियमित रूप से पानी भरा जा रहा है। राहगीर भी इन प्रयासों में सहयोग करते हुए पानी भरने और दाना डालने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। यह पहल न केवल पक्षियों और पशुओं के लिए राहत का कारण बन रही है, बल्कि लोगों के बीच सामाजिक सरोकार और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रही है।

# पुरानी पेंशन योजना की मांग को लेकर एचटीपीएस में बीएमएस की आमसभा


पेंशन की मांग को लेकर एकत्र हुए बीएमएस के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के नेतृत्व में बिजली कर्मचारियों ने एचटीपीएस संयंत्र के मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर में विशाल आमसभा का आयोजन किया। इस दौरान पुरानी पेंशन योजना को लागू करने सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व विद्युत कंपनी के अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपा।

बिजली कर्मचारियों की मांग है कि छत्तीसगढ़ शासन के अधीनस्थ कार्यरत कर्मचारियों अधिकारियों की तरह छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनीज में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों को भी पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जावे, विद्युत कंपनीज में वर्तमान में दबावपूर्वक लागू किये जा रहे आवास व्यवस्था संबंधी अव्यवहारिक आदेश तत्काल वापस लिया जावें। विद्युत कंपनीज में अधिकारियों को दिये जा रहे तकनीकी भत्ता की भांति तकनीकी कर्मचारियों को भी तकनीकी भत्ता एवं कार्यालयीन कर्मचारियों को कम्प्युटर भत्ता प्रदान किया जाये। विद्युत कंपनीज में कार्यरत पैसे कर्मचारियों जिनकी पदोन्नति प्रबंधन द्वारा अभी तक नहीं की गई है पैसे कर्मचारियों की पदोन्नति प्राथमिकता के साथ यथाशीघ्र आदेश प्रसारित किया जाये। कार्यालय सहायकों के ग्रेडेशन विसंगति में तत्काल सुधार कार्य कर तदानुसार पदोन्नति आदेश जारी किये जावें। विद्युत उत्पादन कंपनी में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों की रिस्ट्रक्चरिंग वर्ष-2017 से लंबित है जिस पर शीघ्र कार्यवाही कर लागू किया जावें। विद्युत कंपनीज में कार्यरत ठेका मजदूरों को विद्युत कंपनी में शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करें तथा मजदूरों को हाजरी कार्ड, वेतन पर्ची आवश्यक रूप से प्रदान करे और भविष्य में होने वाले विद्युत कंपनी की सीधी भर्ती में बोनस अंक देकर भर्ती में प्राथमिकता दिए जाने की मांग प्रमुख रुप से शामिल है। आमसभा के दौरान नवरत्न बरेठ, अजय मिश्रा, सी एस दुबे, सुरेश साहू, केदार राठौर, अमर राठौर, मदनमोहन पांडेय, पूर्णिमा साहू, संदीप राठौर, कमल नारायण पटेल, शब्बीर मेमन, नारायण साहू, गणेश जायसवाल, आकाश पटेल, राजा राने, रंजिता बड़ा, गुरुनंदन रजवाड़े, संजय राठौर, विश्वास पटेल, वरुण सूद, नारायण सिंह, सिद्धार्थ पांडेय, आमिर भारिया, रमेश साहू, खगेश साहू, शोभा दास, हरीश राठौर, इंद्र राठौर, कांशी चंद्र सहित अन्य शामिल थे।

# गेवरा खदान से प्रभावित भूविस्थापितों का 28 से अनिश्चितकालीन धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा परियोजना से प्रभावित ग्राम रलिया मनगांव लक्ष्मण नगर और नरईबोध के ग्रामीणों ने प्रशासन और प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कलेक्टर, विधायक और एसईसीएल महाप्रबंधक को सौंपे गए एक ज्ञापन में ग्रामीणों ने अपनी गंभीर समस्याओं को साझा करते हुए चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो 28 अप्रैल से वे गेवरा कार्यालय के समक्ष उग्र और अनिश्चितकालीन प्रदर्शन करेंगे।

भूविस्थापितों की मांगों में प्रमुख रुप से ग्राम रलिया के बहादुर केंवट का मकान तोड़े हुए एक माह बीत चुका है लेकिन आज तक मुआवजा राशि खाते में जमा नहीं की गई है इसी प्रकार मनगांव लक्ष्मण नगर के विस्थापितों की दोबारा अधिग्रहित की गई भूमि का मुआवजा दिया जावे, प्रभावित परिवारों को न तो स्थाई रोजगार दिया जा रहा है और न ही वैकल्पिक रोजगार की कोई व्यवस्था की गई है भूमि संबंधी अन्य प्रकरण भी वर्षों से लंबित हैं उसका निराकरण किया जावे, ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि शांतिपूर्ण धरने के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है साथ ही नरईबोध के पार्षद पति राकेश पटेल पर आरोप लगाया गया है कि वे प्रभावित ग्रामीणों की पीएनसी कंपनी में ज्वाइनिंग को अवैध रूप से रुकवा रहे हैं जिनसे उन्हें सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग शामिल है। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने अपनी जमीन एसईसीएल को दी है किसी स्थानीय प्रतिनिधि को नहीं अतः प्रबंधन और प्रशासन सीधे विस्थापितों से संवाद करे ज्ञापन में मांग की गई है। अगले 7 दिनों के भीतर सभी लंबित मुआवजा राशि और रोजगार की प्रक्रिया पूर्ण की जाए धरना स्थल और आने-जाने वाले मार्ग पर पुलिस सुरक्षा प्रदान की जाए। प्रभावित महिला गोमती केवट ने कहा कि हम अपनी जायज मांगों के लिए सालों से भटक रहे हैं यदि शासन-प्रशासन सात दिनों में ठोस कार्यवाही नहीं करता तो 28 अप्रैल से होने वाले अनिश्चितकालीन आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन की होगी।

### महाप्रबंधक को समस्याओं से अवगत कराया पार्षद ने

**गेवरा दीपका।** नगर पालिका परिषद दीपका के पार्षद अरुणीश तिवारी ने एसईसीएल दीपका क्षेत्र के एरिया महाप्रबंधक अशोक कुमार से मुलाकात कर प्रगति नगर आवासीय परिसर के सुविधा विस्तार व मरम्मत कार्य सहित धूल डस्ट की रोकथाम के लिए ध्यान आकर्षण कराया है। श्री तिवारी ने महाप्रबंधक से आशा की है कि जिस तरह से उन्होंने अपने पूर्व के कार्यकाल में क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से लिया था उसी तरह इस बार भी वह समस्याओं का निराकरण करेंगे।

# ईंधन और रसोई गैस की आपूर्ति सुचारू, उपलब्ध स्टॉक के आंकड़े जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) की वर्तमान स्थिति को लेकर नवीनतम आंकड़े जारी किए गए हैं, जिसके अनुसार जिले में ईंधन का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। 24 अप्रैल तक की स्थिति के अनुसार, जिले के सभी 28 गैस वितरकों के पास कुल 4295 सिलेंडरों का स्टॉक शेष है। जिले में कुल 2 लाख 92 हजार 600 गैस उपभोक्ता पंजीकृत हैं, जिनमें से 1 लाख 52 हजार 236 प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत आते हैं। वितरकों के पास उपलब्ध स्टॉक आगामी एक से दो दिनों की आपूर्ति के लिए पर्याप्त है। पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता की बात करें तो जिले के 102 रिटेल आउटलेट्स के माध्यम से निरंतर आपूर्ति की जा रही है। जिले में पेट्रोल की कुल भंडारण क्षमता 2085 किलोलीटर है, जिसके मुकाबले वर्तमान में 856 किलोलीटर स्टॉक उपलब्ध है, जो कुल क्षमता का 41 प्रतिशत है। वहीं डीजल (एचएसडी) की कुल भंडारण क्षमता 3537 किलोलीटर है और वर्तमान में 1230 किलोलीटर स्टॉक भंडारित है, जो कुल क्षमता का 34 प्रतिशत है। अप्रैल माह के दौरान जिले में पेट्रोल की औसत दैनिक खपत 177 किलोलीटर और डीजल की 588 किलोलीटर दर्ज की गई है। प्रशासन और तेल कंपनियां निरंतर समन्वय बनाकर जिले में आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाए हुए हैं।


### अग्नि दुर्घटना एवं आग बुझाने दी गई जानकारी

# डीएसपीएम में अग्निशमन सेवा सप्ताह का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसका समापन 20 अप्रैल को मुख्य अभियंता (उत्पा.), संजीव कंसल के मुख्य आतिथ्य, अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुनील सरना, राजेश्वरी रावत, एल.एन. सूर्यवंशी एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी के आतिथ्य में सपंन्न हुआ।

इस अवसर पर संजीव कंसल ने अपने उद्बोधन में फायर एण्ड सैफ्टी की थीम सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज-अग्नि रोकथाम के लिए एक साथ के महत्व के बारे में बात की और कहा कि विद्यालय एवं अस्पताल सचमुच में काफी संवेदशील क्षेत्र है वहाँ आमजन मानस को अग्नि दुर्घटना एवं आग बुझाने के विभिन्न उपायो की जानकारी देने एवं जागरूक करने की बात कही साथ ही कहा कि असुरक्षित कार्यो के रोकथाम के लिए हमारे लिए जागरूकता बहुत ही महत्वपूर्ण है तब जाकर हम दुर्घटना के शून्य लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।सुरक्षित कार्य स्थल के साथ हम सभी अधिकारी कर्मचारी को एक सुरक्षित कल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध होना है। समय-समय पर अग्नि दुर्घटना से सुरक्षा हेतु मॉकड्रील के माध्यम से जागरूक कराना आवश्यक है। अग्निशमन संबधित प्रश्नोत्तरी संरक्षा अधिकारी सुमन सोमानी के द्वारा किया गया। नारा प्रतियोगिता विषय सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज-अग्नि रोकथाम के लिए एक साथ मे अधिकारी वर्ग से प्रथम प्रियंका पाण्डेय, द्वितीय रश्मि साहू, तृतीय कविता ठककर। कर्मचारी वर्ग से प्रथम सागर देवांगन द्वितीय घनश्याम साहू तृतीय बबुली चौधरी। ठेका श्रमिक वर्ग से प्रथम मनीषा देवांगन, द्वितीय श्रीकांत गुप्ता, तृतीय रामांनंद कंवर एवं कविता लेखन में अधिकारी वर्ग से प्रथम रणजीत सिंह राठौर, द्वितीय प्रियंका पाण्डेय, तृतीय कविता ठक्कर। कर्मचारी वर्ग से प्रथम सागर देवांगन, द्वितीय घनश्याम साहू, तृतीय रजनी मरावी। ठेका श्रमिक वर्ग से प्रथम रामानंद कंवर, द्वितीय श्रीकांत गुप्ता तृतीय मनीषा देवांगन रही।




हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411